# बिहार सरकार
# जल संसाधन विभाग
# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान।

Email-ee.drainagesiwan@gmail.com

पत्रांक 374 सिवान, दिनांक 17.03.2026

**माड़े पर वाहन लेने हेतु अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–(NIQ)–03/2025–26**

जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान अन्तर्गत जिला सिवान एवं गोपालगंज से संबधित जल निकासी कार्य एवं अहिरौलीदान (यू0पी0) से बेतियाँ– गोपालगंज मंगलपुर पुल के दायाँ गाईड बाँध के कि0मी0 0.00 से 8.50 कि0मी0 के बीच नदी तटबंध के गहन अनुश्रवण एवं निरीक्षण एव उच्चाधिकारियों की बैठकों में भाग लेने इत्यादि कार्यों हेतु भाड़े पर एक या एक से अधिक व्यवसायिक निबंधन वाले वाहन ( बोलेरो/स्कार्पियो) उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक वाहन मालिकों/फार्म से मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन के शर्त्तो के साथ कोटशन आमंत्रित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | कोटेशन आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि | : | दिनांक 17.03.2026 |
| 02. | कोटेशन जमा करने की अवधि | : | दिनांक 28.03.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक । |
| 03. | कोटेशन जमा करने का स्थान | : | कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, गोपालगंज/ मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज के कार्यालय में। |
| 04. | कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 29.03.2026 को 3:30 बजे अपराह्न में। |
| 05. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान। (मोबाईल नं0–7463889599) |

06. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी के सूचना पटट एवं वेबसाईट www.wrd.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

**कोटेशन पर वाहन रखनें की शर्त्तें निम्नवत् है :–**

01. भाड़े पर वाहन मार्च 2027 तक लिया जायेगा। अवधि विस्तार की स्थिति में एकरारित दर पर ही वाहन को आगे के लिए रखा जायेगा। वाहन का व्यवसायिक निबंधन अनिवार्य है।
02. वाहन का मॉडल 2017 के पूर्व का नहीं होना चाहिए एवं अच्छे हालत में होना चाहिए।
03. वाहन का दैनिक रख–रखाव (चालक सहित) एवं उसके सभी प्रकार के मरम्मति, तौलिया उपलब्ध कराना एवं इसकी साप्ताहिक सफाई आदि पर होने वाले व्यय वाहन मालिक/फर्म द्वारा वहन किया जायेगा। चालक के वेतन का भुगतान, आवासन एवं भोजन आदि का व्यवस्था वाहन मालिक/फर्म द्वारा ही किया जायेगा।
04. सभी प्रकार के करों एवं अन्य शुल्क आदयता की जिम्मेदारी वाहन मालिक की होगी।
05. वाहन का कागजात टैक्स बीमा आदि मोटरयान अधिनियम अनुसार अद्यतन होना चाहिए।
06. वाहन चालक के पास अद्यतन एवं वैद्य ड्राईविंग लाईसेन्स होना चाहिए।
07. वाहन की चोरी या दुर्घटना अथवा अन्य क्षति होने पर चालक सहित जिम्मेदारी वाहन मालिक/फर्म का होगा।
08. वाहन के उपयोग के विरूद्ध किराया प्रतिदिन ईंधन रहित देय होगा।
09. वाहन के उपयोग के लिए लौग बुक का संधारण वाहन मालिक के जबावदेही होगी जिसका उपयोग करने वाले पदाधिकारी यात्रा प्रयोग संबंधी आवश्यक प्रविष्टि करेंगे, जिसके आधार पर भुगतान किया जायेगा।
10. वाहन का ईंधन रहित (चालक सहित) प्रतिदिन का न्यूनतम दर के कोटशनदाता के साथ एकरारनामा किया जायेगा और उन्हें वाहन उपलब्ध कराने का आदेश दिया जायेगा। सेवा संतोषजनक नहीं होने पर अथवा वाहन की आवश्यकता नहीं रहने पर कभी भी बिना बताये एकरारनामा समाप्त किया जा सकता है। आवश्यकता के अनुसार वाहन की संख्या घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
11. वाहन का माईलेज वास्तविक रूप से डाले गये डीजल अथवा 10 कि0मी0 प्रति लिटर में से जो अधिक हो मान्य होगा।

Scanned with CamScanner

12. बाढ़ अवधि एवं कटाव निरोधक कार्य की अवधि में वाहन का उपयोग दिन एवं रात दोनो समय में किया जाता है। अतः इस अवधि में दो चालक उपलब्ध कराना होगा।
13. वाहन का उपयोग वाहन मालिक/वाहन आपूर्ति कर्ता निजि अथवा अन्य व्यवसायिक उपयोग में नहीं करेंगे।
14. वाहन उपयोग हेतु 24 घंटे संबंधित पदाधिकारियों के नियंत्रण में रहेगा एवं किसी भी परिस्थति में बिना अनुमति के कार्यालय परिसर से बाहर नहीं जायेगा।वाहन खराब हो जाने पर वाहन मालिक/फर्म का दायित्व होगा कि वे तुरंत दुसरा वाहन उपलब्ध करायेंगे, अगर वे ऐसा नहीं करते है तो उस दिन का भाड़े का भुगतान दोगुने दर से कटौती कर ली जायेगी।
15. इच्छुक वाहन मालिक/फर्म उक्त क्रमांक 1 से 14 तक के शर्तों को स्वीकार करने से संबंधित अपना शपथ–पत्र (नोटरी द्वारा निर्गत) एव क्रमांक 05 एवं 06 संबंधित कागजात की सत्यापित प्रति कोटेशन के साथ समर्पित करेंगें।
16. एक से अधिक समान न्यूनतम दर के कोटेशन प्राप्त होने पर कोटेशनदाताओं के बीच लॉटरी के माध्यम से वाहन मालिक/फर्म का चयन किया जायेगा।
17. शपथ–पत्र एवं वांछित कागजात नहीं रहने पर कोटेशन अमान्य कर दिया जायेगा।
18. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी के सूचना पटट एवं वेबसाईट www.wrd.bih.nic.inपर देखा जा सकता है।

Skumar 17/03/26

कार्यपालक अभियंता
जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान।

17/03/26

पत्रांक 374 सिवान, 171 दिनांक 17/03/2026

प्रतिलिपिः–सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना को हार्ड एवं सॉफ्ट् कॉपी के साथ दैनिक लोकप्रिय समाचार पत्रों के प्रकाशन हेतु समर्पित।

अनु0ः– सॉफ्ट एवं हार्ड कापी कोटेशन आमंत्रण सूचना।

Akumar 17/03/26

कार्यपालक अभियंता
जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान।

17/03/026

Scanned with CamScanner

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान।**
**Email-ee.drainagesiwan@gmail.com**

**पत्रांक 374 सिवान, दिनांक 17.03.2026**

**भाड़े पर वाहन लेने हेतु अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–(NIQ)–03/2025–26**

जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान अन्तर्गत जिला सिवान एवं गोपालगंज से संबधित जल निकासी कार्य एवं अहिरौलीदान (यू0पी0) से बेतियाँ– गोपालगंज मंगलपुर पुल के दायाँ गाईड बाँध के कि0मी0 0.00 से 8.50 कि0मी0 के बीच नदी तटबंध के गहन अनुश्रवण एवं निरीक्षण एवं उच्चाधिकारियों की बैठकों में भाग लेने इत्यादि कार्यों हेतु भाड़े पर एक या एक से अधिक व्यवसायिक निबंधन वाले वाहन ( बोलेरो/स्कार्पियो) उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक वाहन मालिकों/फार्म से मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन के शर्त्तो के साथ कोटशन आमंत्रित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कोटेशन आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि | : | दिनांक 17.03.2026 |
| 2. | कोटेशन जमा करने की अवधि | : | दिनांक 28.03.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक । |
| 3. | कोटेशन जमा करने का स्थान | : | कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, गोपालगंज/ मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज के कार्यालय में। |
| 4. | कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 29.03.2026 को 3:30 बजे अपराह्न में। |
| 5. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान। (मोबाईल नं0–7463889599) |

6. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी के सूचना पटट एवं वेबसाईट www.wrd.bih.nic.inपर देखा जा सकता है।

ákumar 17/03/26
कार्यपालक अभियंता
जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान।
17/03/2026

पत्रांक 374 सिवान, दिनांक 17/03/2026

प्रतिलिपिः–सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना को हार्ड एवं सॉफ्ट् कॉपी के साथ दैनिक लोकप्रिय समाचार पत्रों के प्रकाशन हेतु समर्पित।

अनु0:– सॉफ्ट एवं हार्ड कापी कोटेशन आमंत्रण सूचना।

ákumar 17/03/26
कार्यपालक अभियंता
जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान।
17/03/2026

Scanned with CamScanner